प्रभात खबर

नकली शराब के अड्डे पर पुलिस की रेड, नौ लोग गिरफ्तार



आरोपियों में चार महिलाएं भी, भेजी गयीं जेल पुरुलिया. जिले के नीतुरिया थानांतर्गत सरवडी गांव में नकली शराब बनाने के अड्डे पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार महिलाओं समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही तैयार शराब, उसे बनाने का कच्चा माल, मशीन और अन्य कई उपयोगी सामान जब्त कर लिये. मंगलवार रात रघुनाथपुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी रोहेद शेख और आसपास के कई थानों के पुलिस अफसरों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने सरवड़ी गांव में शराब बनाने के अड्डे में छापेमारी की. बुधवार को रघुनाथपुर अनुमंडल अदालत में पेश करने पर पांच आरोपियों को 10 दिनों की पुलिस रिमांड और बाकी चार महिला आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद भारी पुलिस बल ने वहां छापेमारी कर नकली शराब से भरी 75 हजार बोतलें जब्त कर लीं. इन बोतलों पर विदेश शराब के टैग और पंजाब व कई अन्य राज्यों के नाम लिखे हुए थे. हवालात में आरोपियों से पूछताछ में पुलिस लग गयी है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/west-bengal/asansol/police-raid-on-fake-liquor-base-nine-people-arrested